## FYUG के अन्तर्गत सत्र 2024–28 में नामांकन हेतु छात्रों एवं महाविद्यालयों के लिए दिशा–निर्देश ।

सत्र 2024–28 **Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS)** के अन्तर्गत पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के सभी कोटि के महाविद्यालयों में प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय प्रशासन के लिए निर्देश तय किये गये हैं, जो निम्नवत हैं:–

(1) **Online application** करते समय विद्यार्थियों के द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रीत करना अनिवार्य है।

(क) सही–सही प्रविष्टिः– विद्यार्थी सर्वप्रथम अपना **Login ID** एवं **password** जनरेट करेंगे। उसके उपरांत **Online application** भरते समय अपनी सभी प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक सही–सही अंकित करेगें।

(ख) महाविद्यालयों के चयन का विकल्पः– **Online application** में आपको पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के क्षेत्राधिकार वाले सभी अंगीभूत **(Constitute)** एवं सम्बद्ध **(Affiliated)** महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध होगी। उस सूची में आप अपने निवास स्थान के निकट वाले महाविद्यालयों के विकल्प का चयन वरीयता के क्रम मे कर सकते हैं। इस क्रम में आपको अपने **online** नामांकन फार्म में आपको 20 (बीस) महाविद्यालयों का चयन करना है। सर्वप्रथम आप अपने इच्छित महाविद्यालयों का चयन करेंगे। मेधा सूची में आपका नाम यदि प्रकाशित होता है तो जिन 20 (बीस) महाविद्यालयों में आपने नामांकन का विकल्प दिया है उसी में से आपको मेधा के अनुसार महाविद्यालय आवंटित होता है। विश्वविद्यालय अपने स्तर से आपके दिए गए महाविद्यालयों के **choice** के बिना कोई महाविद्यालय नामांकन के लिए आवंटित नही करता है।

(2) आरक्षण का लाभः– यदि कोई विद्यार्थी बिहार सरकार के द्वारा प्रदत्त आरक्षण के श्रेणी में आता है या उसका लाभ लेना चाहता है तो वह अपनी जाति के अनुसार आरक्षण की श्रेणी यथा– **BC-I, BC-II, EWS, SC,ST** में से सही श्रेणी का चयन करके **online** नामांकन फार्म में प्रविष्टि करेंगे। यदि किसी भी कारण से आपने अपनी जाति का गलत श्रेणी में आरक्षण विकल्प का चयन कर लिया है तो ऐसी स्थिति में आपका नामांकन रद्द हो जाएगा। अतः आप **Submit** बटन दबाने के पहले आश्वस्त हो लें कि आपने आरक्षण की सही श्रेणी का चयन किया है अथवा नहीं।

(3) मेधा सूची का निर्धारणः– मेधा सूची का निर्धारण MJC विषय के लिए +2 परीक्षा का प्राप्तांक, महाविद्यालय का विकल्प एवं आरक्षण की श्रेणी मे उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर की जाती है। यह Software जनीत मेधा सूची होता है।

(4) कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकनः– कोटा सीट यथा–

(1) **NRI/Ward**- Ward के लिए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का स्थाई कर्मी का पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

(2) **Sports**- के लिए National level/District level एवं University Championship मे चयनित का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(3) **Fine Arts**- के लिए National level/District level एवं University Championship मे चयनित का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(4) **NCC/NSS**- के लिए NCC का B अथवा C का प्रमाण पत्र होना चाहिए। NSS के लिए National Camp में participation का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(5) **Ward of Ex-Army-** के लिए उनका पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

**NOTE:-** कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थी को उससे संबंधित प्रमाण पत्र (Certificate) की प्रति online नामांकन फार्म में upload करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनका दावा मान्य नही होगा। सही प्रमाण पत्र के नही रहने पर नामांकन नहीं होगा।

(5) विद्यार्थियों का Admission Process शुरू करते समय महाविद्यालय के द्वारा गठित नामांकन समिति सर्वप्रथम विद्यार्थियों से निम्न दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत प्राप्त करेगें।

(a) Xth Marksheet Photo copy
(b) XIIth Marksheet Photo copy and original only for verification
(c) Migration original
(d) Caste certificate (If applicable)
(e) E.W.S certificate (If applicable)
(f) Handicapped (If applicable)
(g) Ward/NCC/NSS/Cultural/Ward of Ex-Army (If applicable as per requirement)

**Note:-** (छात्रों से SLC अथवा CLC की मांग नही की जाएगी।)

30/4/2024

(6) विद्यार्थी **Four Year Under Graduate Programme** में नामांकन हेतु आवेदन फॉर्म में **Major Course** में उसी विषय का चुनाव करेंगे जिसमें वे **BA/B.Sc./B.Com** करना चाहतें है। विद्यार्थी को +2 में **I.Sc./I.A./I.Com** या समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होना अनिवार्य है।

(7) विद्यार्थी **MJC subject** का चयन करने हेतु अपने **faculty** (संकाय) के किन्हीं दो विषयों का **option** दे सकते है।

(8) **Selection list/offer letter** में विद्यार्थी द्वारा अंकित **Marks** का मिलान मूल अंक पत्र से सावधानीपूर्वक करना आवश्यक है। मिलान में अन्तर पाये जाने पर विद्यार्थी का नामांकन रद्द हो जाएगा।

(9) नामांकन के समय महाविद्यालयों को छात्रों के द्वारा **Minor Course (MIC), Multidisciplinary Course (MDC), Ability Enhancement Course (AEC), Skill Enhancement Course (SEC), Value Added Course (VAC)** का विकल्प **(choice)** छात्रों से भरवाने और उसे उनके नामांकन फार्म में **entry** कराने के उपरान्त ही **validate** का **Button Submit** करेंगें तथा साथ ही साथ सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी ने सभी **entries** सही–सही भरा है।

(10) ध्यान रहे कि नामांकन के साथ–साथ **Registration** भी होना है। विद्यार्थियों को **Registration** का **Link** तब तक नही मिलेगा जबतक महाविद्यालय विद्यार्थियों के नामांकन में सही सही विषयों का चुनाव कर **Validate** नहीं कर देते हैं। इसलिए महाविद्यालय नामांकन **Validation** की गम्भीरता को समझेंगे और तय समय सीमा के अन्तर्गत सभी प्रकार के त्रुटियों से रहित नामांकन को **Validate** करेंगें।

(11) किसी विद्यार्थी द्वारा भरे गए आवेदन **(Application)** में पाये जाने वाली छोटी–मोटी त्रुटियाँ जैसे–

(a) पिता का नाम **(Father's Name)**,
(b) माता का नाम **(Mother's Name)**
(c) जन्मतिथि **(Date of Birth)**
(d) धर्म **(Religion)**

आदि त्रुटियों में सुधार **Validation** के समय महाविद्यालय के द्वारा स्वंय करके ही **Validate** किया जाएगा। महाविद्यालय के द्वारा जैसे ही किसी विद्यार्थी का नामांकन **validate** किया जाता है तो उसी समय विद्यार्थी के **Registered** मोबाईल नम्बर पर विश्वविद्यालय के द्वारा नामांकित **(Admitted)** होने का सन्देश **(message)** दिया जाता है। यदि ऐसा नही होता है तो विद्यार्थी अपने नामांकन वाले महाविद्यालय में जाकर सुनिश्चित हो लेंगे कि उनका नामांकन **validate** हुआ है अथवा नही।

30/4/2024

(12) विद्यार्थियों के **Admission Validate** होने के तुरन्त बाद **Registration Link** मिल जाएगा। **Registration Link** पर जाकर विद्यार्थी **Registration fee** जमा करेंगे। इसकी जानकारी विद्यार्थियों को देना महाविद्यालय की जावाबदेही होगी।

(13) विश्वविद्यालय के नामांकन प्रक्रिया पूरा होने के 10 दिनों बाद विद्यार्थी **Registration Portal** पर से **Registration slip Download** कर सकेंगे।

(14) **Admission & Registration** से संबंधित विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या यदि रह जाती हो तब उनके समाधान हेतु विद्यार्थी अपना आवेदन महाविद्यालय को देंगे तथा महाविद्यालय उन आवेदन पत्रों को अपने स्तर से प्राप्त कर त्रुटि सुधार हेतु विश्वविद्यालय में भेज देंगे। विद्यार्थियों को त्रुटि सुधार के लिए आवेदन सीधे विश्वविद्यालय में जमा करने की व्यवस्था नही है। ये सारी जबावदेही संबंधित महाविद्यालय को दिया गया है।

(15) विश्वविद्यालय द्वारा 3 (तीन) मेधा सूची निकाली जायेगी। यदि कुछ सीट खाली रह गए तब **Merit cum Spot Round** कि द्वारा नामांकन सम्पन्न होगा।

30/4/2024